'स्टूडेंट्स को आर्थिक रूप से बनाएंगे आत्मनिर्भर'

एनबीटी न्यूज, बल्लभगढ़: अग्रवाल कॉलेज और सेवा भारती हरियाणा प्रदेश के बीच आर्थिक रूप से स्टूडेंट को आत्मनिर्भर बनाने की पहल के तहत सोमवार को एक समझौता ज्ञापन हुआ। इस अवसर पर अग्रवाल कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. कृष्णकांत गुप्ता, सेवा भारती के विभाग प्रमुख विजय गुप्ता, विभाग प्रमुख आत्म प्रकाश, सेवा भारती फरीदाबाद महानगर के अध्यक्ष गिरधारी लाल बंसल व उपाध्यक्ष तरुण कुमार उपस्थित रहे। इस समझौता ज्ञापन के अंतर्गत आर्थिक रूप से कमजोर विद्यार्थियों को रोजगार उन्मुख, कंप्यूटर स्किल टैली लेखांकन सॉफ्टवेयर प्रमुखता से सिखाया जाएगा। डॉ. कृष्णकांत गुप्ता ने बताया कि आधुनिक समय में कंप्यूटर लेखांकन के क्षेत्र में बहुत महत्वपूर्ण स्थान रखता है।